भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं.1448**
बुधवार, 12 मार्च, 2025 (21 फाल्गुन, 1946 (शक)) को उत्तरार्थ

## डेयरी सहकार योजना

1448 श्री संदोष कुमार पीः

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान डेयरी सहकार योजना के लिए कुल कितनी धनराशि आवंटित की गई है;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान इस योजना के अंतर्गत संवितरित की गई धनराशि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) डेयरी सहकार योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्रदान करने का मानदंड क्या है;

(घ) क्या इस योजना के अंतर्गत केरल को कोई धनराशि आवंटित की गई है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

सहकारिता मंत्री
(श्री अमित शाह)

**(क) से (ग):** डेयरी सहकार राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) की अम्ब्रेला अवसरंचना है, जो सहकारिता मंत्रालय के अंतर्गत एक सांविधिक संगठन है । देश में राज्य/बहुराज्य सहकारी सोसाईटी अधिनियम के तहत पंजीकृत कोई भी संस्था, डेयरी से संबंधित कार्यकलापों को शुरू करने के लिए अपनी उप-विधियों में उपयुक्त उपबंधों के साथ, डेयरी सहकार के अंतर्गत वित्तीय सहायता के लिए पात्र होंगी, जो राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) के दिशानिर्देशों और डवटेल्ड (dovetailed) की गई लागू योजना के अध्यधीन होंगी।

राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) ने पिछले तीन वर्षों के दौरान डेयरी सहकार के अंतर्गत डेयरी सहकारी समितियों को 63.32 करोड़ रुपये की कुल वित्तीय सहायता संवितरित की है। पिछले तीन वर्षों के दौरान संवितरित निधियों का राज्य-वार ब्योरा निम्नानुसार है :-

(करोड़ रुपये में)

| क्रम सं | राज्य | वित्तीय वर्ष 2022-23 में संवितरित राशि | वित्तीय वर्ष 2023-24 में संवितरित राशि | वित्तीय वर्ष 2024-25 में संवितरित राशि | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुजरात | 7.11 | 3.19 | 10.58 | 20.88 |
| 2 | उत्तराखंड | - | 10.00 | - | 10.00 |
| 3 | बिहार | 6.58 | - | - | 6.58 |
| 4 | महाराष्ट्र | 0.33 | - | - | 0.33 |
| 5 | ओडिशा | - | 0.30 | 0.40 | 0.70 |
| 6 | तमिलनाडु | 9.33 | - | 15.50 | 24.83 |
| **कुल** | | **23.35** | **13.49** | **26.48** | **63.32** |

**(घ से (च):** डेयरी सहकार योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता के लिए केरल से एनसीडीसी को अब तक ऐसा कोई अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है।

*****